प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 मंगलवार** **दिनांक 15.04.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

1— मुख्यमंत्री ने बस्तर से प्रधानमंत्री आवास योजना सर्वेक्षण के लिए ''मोर द्वार साय सरकार'' अभियान का शुभारंभ किया।

2— राज्य सरकार ने नगरीय निकायों में संपत्ति कर जमा करने के लिए तीस दिनों की विशेष छूट दी—अब तीस अप्रैल तक जमा किया जा सकेगा संपत्ति कर।

3— मोहला—मानपुर जिले में आज पांच लाख रूपये के एक इनामी माओवादी ने पुलिस के सामने किया आत्मसमर्पण।

4— मौसम विभाग ने कल प्रदेश के कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि के साथ बारिश होने की संभावना जताई है।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**<u>मुख्यमंत्री—बस्तर सौगात</u>**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज दो दिवसीय प्रवास पर बस्तर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने आज बस्तर जिले के ग्राम घाटपदमपुर से **''प्रधानमंत्री आवास योजना—ग्रामीण''** के अंतर्गत आवास—प्लस सर्वेक्षण के लिए प्रदेशव्यापी **''मोर द्वार साय सरकार''** महाभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्वयं कई हितग्राहियों के घर पहुंचकर सर्वे किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सर्वेक्षण के माध्यम से जो भी आवासहीन और कच्चे मकानों में रहने वाले पात्र परिवार सामने आएंगे, उन्हें जल्द से जल्द इस योजना में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पात्र परिवारों को पक्का मकान दिलाना सरकार की जिम्मेदारी है। राज्य में यह अभियान तीस अप्रैल तक चलाया जाएगा। अभियान के पहले चरण में पन्द्रह से उन्नीस अप्रैल के बीच जिला और ब्लॉक स्तर पर सर्वे किया जाएगा। दूसरे चरण में बीस से अट्ठाईस अप्रैल तक सभी गांवों में ग्राम सभाएं आयोजित कर घर—घर जाकर पात्र परिवारों का सर्वेक्षण किया जाएगा। और तीसरे चरण में उनतीस और तीस अप्रैल को सभी सर्वेक्षणों की पुष्टि करके ग्राम सभा की स्वीकृति और सत्यापन के पश्चात अंतिम रिपोर्ट राज्य कार्यालय को भेजी जाएगी।

इससे पहले, मुख्यमंत्री ने जगदलपुर में जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता कार्यालय का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्री साय ने कहा कि इस कार्यालय के प्रारंभ होने से बस्तर संभाग के सभी सात जिलों के विभागीय कामकाज में सुविधा होगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में **''विकसित बस्तर की ओर''** विषय पर परिचर्चा का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर कृषि, विकास और किसान कल्याण विभाग द्वारा बस्तर क्षेत्र के समग्र विकास के लिए रोडमैप प्रस्तुत किया गया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल जगदलपुर में संभाग स्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक लेंगे। इस बैठक में सभी कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत के सीईओ और अन्य अधिकारी शामिल होंगे।

इससे पहले, मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि राज्य में माओवादियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

## संपत्तिकर जमा छूट

राज्य सरकार ने नगरीय निकायों में वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के संपत्तिकर और विवरणीय जमा करने के लिए तीस दिनों की विशेष छूट दी है। अब तीस अप्रैल दो हजार पच्चीस तक संपत्तिकर जमा किए जा सकते हैं।

गौरतलब है कि नगरीय निकायों में संपत्तिकर और विवरणीय जमा करने की अंतिम तिथि इकतीस मार्च दो हजार पच्चीस निर्धारित थी।

## प्रशासनिक फेरबदल

राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के दो अधिकारियों के प्रभार में फेरबदल किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार आईएएस मुकेश कुमार बंसल को सामान्य प्रशासन विभाग में सचिव के प्रभार से मुक्त कर दिया गया है। उनकी जगह आईएएस रजत कुमार को सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

वहीं, राज्य सरकार ने राज्य प्रशासनिक सेवा के छह अधिकारियों का भी तबादला किया है।

## नक्सली–आत्मसमर्पण

मोहला–मानपुर जिले में आज पांच लाख रूपये के एक इनामी माओवादी ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। जिले के पुलिस अधीक्षक वाय.पी.सिंह ने एक पत्रकारवार्ता में बताया कि आत्मसमर्पित माओवादी रूपेश मंडावी राजनांदगांव–कांकेर बॉर्डर डिवीजन कमेटी के कोतरी एरिया कमेटी के सदस्य और एलओएस डिप्टी कमांडर के पद पर पदस्थ था। उन्होंने बताया कि यह माओवादी जिले के मदनवाड़ा, सीतागांव, औंधी और मानपुर के साथ ही कांकेर और नारायणपुर जिले में सक्रिय था।

## आईआईएम–दीक्षांत समारोह

रायपुर स्थित भारतीय प्रबंध संस्थान–आईआईएम के चौदहवें वार्षिक दीक्षांत समारोह का आज आयोजन किया गया। समारोह में कोलगेट पामोलिव इंडिया लिमिटेड की एमडी और सीईओ प्रभा नरसिम्हन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी। उन्होंने एमबीए, ई–एमबीए, एफपीएम और ई–एफपीएम से स्नातक करने वाले पांच सौ पंचानवे विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की। इसके अलावा नौ शोधार्थियों को डाक्टरेट की उपाधि और विभिन्न श्रेणियों में सात विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए।

समारोह को संबोधित करते हुए आईआईएम के निदेशक राम कुमार कांकाणी ने कहा कि आज का दिन छात्र–छात्राओं के जीवन का एक महत्वपूर्ण क्षण है। यह न केवल विद्यार्थियों के परिश्रम का उत्सव है, बल्कि आने वाले अवसरों के लिए एक लांच पैड भी है।

## विशेष कार्यक्रम

आकाशवाणी रायपुर के प्रादेशिक समाचार एकांश द्वारा **''प्रधानमंत्री मुद्रा योजना''** पर केन्द्रित विशेष कार्यक्रम का प्रसारण कल सोलह अप्रैल को सुबह नौ बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की हितग्राही रायपुर की ईशा पटेल से ली गई भेंटवार्ता का प्रसारण किया जाएगा। इसका प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्रों से किया जाएगा।

## सट्टा–गिरफ्तार

रायपुर की क्राइम ब्रांच पुलिस ने आईपीएल क्रिकेट मैच के दौरान महादेव ऑनलाइन सट्टा खिलाने के मामले में कोलकाता से दस लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को रायपुर लाया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही

है। आरोपियों को कल कोर्ट में पेश किया जाएगा। क्राइम ब्रांच के एक अधिकारी ने बताया कि जांच अभी शुरू हुई है। आरोपियों से पूछताछ में कई अन्य लोगों के भी जुड़े होने की संभावना है।

## रिश्वत–गिरफ्तार

एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी के टीम ने आज गौरेला–पेण्ड्रा–मारवाही जिले के गौरेला में पदस्थ राजस्व निरीक्षक–आरआई संतोष कुमार चंद्रसेन को पचास हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। वहीं, एक अन्य कर्मचारी मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है। राजस्व निरीक्षक ने एक किसान से जमीन संबंधी कार्य करने के एवज में रिश्वत की मांग की थी।

## टुटेजा–जमानत

सुप्रीम कोर्ट ने शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा को जमानत दे दी है, हालांकि वे जमानत के बावजूद रिहा नहीं हो पाएंगे, क्योंकि इसी से जुड़े एक और मामले में उनके खिलाफ ईओडब्ल्यू–एसीबी ने प्रकरण दर्ज किया हुआ है।

## सड़क दुर्घटना

दुर्ग जिले के जेवरा–सिरसा चौकी के अंतर्गत ग्राम बेलौदी में बीती रात एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने घर के बाहर बैठे छह लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में एक बच्ची समेत दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, घायल चार लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया।

वहीं, जिले के ग्राम सेलूद के तांदुला नहर में डूबे दो युवकों के शव को एसडीआरएफ की टीम ने तैतीस घंटे के तलाशी अभियान के बाद नहर से बाहर निकाल लिया है।

## खरसिया–नया रायपुर–रेल लाइन

दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह ने खरसिया–नवा रायपुर–परमलकसा नई रेल लाइन परियोजना से प्रभावित होने वाले पाटन और दुर्ग अनुभाग में शामिल तेईस गांवों की निजी भूमि का खाता विभाजन, अंतरण, व्यपवर्तन तथा खरीदी–बिक्री को तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक प्रतिबंधित कर दिया है।

## मौसम

### और अब पेश है मौसम का हाल...

प्रदेश में आज राजधानी रायपुर सहित कई स्थानों पर अंधड़ चलने और गरज–चमक के साथ हल्की बारिश होने की खबर है। वहीं, मौसम विभाग ने कल एक–दो स्थानों पर ओलावृष्टि के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी है। विभाग के मुताबिक एक द्रोणिका मध्यप्रदेश के दक्षिण भाग से दक्षिण गंगेटिक पश्चिम बंगाल तक छत्तीसगढ़ होते हुए ऊपरी हवा में विस्तारित है। इसके असर से प्रदेश में बदली–बारिश की स्थिति बन रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...

– छत्तीसगढ़ में राज्यपाल रमेन डेका की पहल पर पहली बार छत्तीसगढ़ रेडक्रॉस सोसायटी के पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न हुआ।

–	कोरबा में हड़ताल पर बैठे एक पंचायत सचिव की आज ह्दय गति रूक जाने से मौत हो गई। मृतक सचिव राजकुमार कश्यप ग्राम पंचायत चोढ़हा में पदस्थ था।

–	जांजगीर–चांपा जिले के ग्राम लछनपुर के बाजार में गैस सिलेंडर की पाईप में आग लगने से एक ही परिवार के पांच लोग झुलस गए हैं। सभी को चांपा के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

–	जशपुर पुलिस ने कल करीब तेईस किलो गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की कीमत करीब चार लाख रूपए बताई गई है।

–	कोरबा जिले में एक वाहन के अनियंत्रित होकर नहर में गिर जाने से लापता हुए सभी पांच लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं।

–	सीआरपीएफ के रायपुर के पास आरंग में स्थित ग्रुप केन्द्र में कल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इसमें अनेक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>